कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना पैकेज–02 के निर्माणकर्ता के साथ निष्पादित अनुबन्ध को पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि प्रदान किये जाने एवं परियोजना पूर्ण करने के शिड्यूल–जे में परिवर्तन किये जाने के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–13:– पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेष नियंत्रित एक्सप्रेसवे पर चेन्ज ऑफ स्कोप के अन्तर्गत कार्यों का अनुमोदन

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेष नियंत्रित एक्सप्रेसवे पर चेन्ज ऑफ स्कोप के अन्तर्गत कार्यों के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–14:– उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इन्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट अथारिटी (यूपीडा) का आय व्ययक।

अवगत कराना है कि सम्प्रति यूपीडा द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं का समयबद्ध विकसित/क्रियान्वित/पूर्ण करने हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृति/आवंटित बजट धनराशि का परियोजना के पक्ष में उपयोग/व्ययक विवरण के सम्बन्ध में।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये आय–व्ययक अनुमान के सापेक्ष शासन द्वारा प्राविधानित आय–व्ययक सारभूत रूप में निम्नवत् है:–

विभाग का नाम–उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औधोगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), लखनऊ

(धनराशि लाख में)

	योजना का नाम	वित्तीय वर्ष 2022–23							
		प्राविधानित धनराशि		शासन स्तर से जारी स्वीकृति		स्वीकृति के सापेक्ष व्यय		शासन स्तर से जारी स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष	
1	2	पूंजीगत	राजस्व	पूंजीगत	राजस्व	पूजीगत	राजस्व	पूंजीगत	राजस्व
1	आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे ग्रीनफील्ड) परियोजना	52,254.00		20,000.00		13,500.00		32,254.00	-
2	बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना	77,525.00		77,525.00		70,000.00			
4	यूपीडा द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय व्याज हेतु सहायता–समान्य (गैर वेतन)		50,256.00		20,423.00		12,772.00	-	29,833.00
5	पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना	97,661.00		97,661.00		60,000.00		-	-
6	यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्प्रेसवे के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय व्याज हेतु सहायता–समान्य (गैर वेतन)		59,361.00		30,972.00		15,037.00	-	28,389.00
7	यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्प्रेसवे के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण का भुगतान		94,168.00		47,084.00		23,542.00	-	47,084.00
8	गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना	51,193.00		45,000.00		35,000.00		6,193.00	-

10	यूपीडा द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय व्याज हेतु सहायता–समान्य (गैर वेतन)		13,183.00		3,989.62		2,393.00	-	9,193.38
11	बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेंस कारीडोर परियोजना	40,000.00		5,795.12		4,826.59		34,204.88	-
12	गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना							-	-
	5054–03–337–09–24	44,534.00		20,000.00		10,000.00		24,534.00	-
13	यूपीडा द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय व्याज हेतु सहायता–समान्य (गैर वेतन)		23,200.00		9,678.90		4,839.45	-	13,521.10
	यूपीडा द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण का भुगतान		11,154.00					-	11,154.00
15	एक्सप्रेसवे परियोजनाओ के समीप पूंजी निवेश हेतु औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किये जाने हेतु है।	50,000.00						50,000.00	-
14	गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना हेतु **वायबिलिटी गैप फंडिंग ,वी०जी०एफ०** धनराशि	25,000.00						25,000.00	-
	महायोग	4,38,167.00	2,51,322.00	2,65,981.12	1,12,147.52	1,93,326.59	58,583.45	1,72,185.88	1,39,174.48
		6,89,489.00		3,78,128.64		2,51,910.04		3,11,360.36	

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये संतुष्टि व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–15:–

यूपीडा में लेखा सम्बन्धी कार्यों के लिये साफ्टवेयर स्थापित किये जाने एवं उसे क्रियाशील किये जाने के सम्बन्ध में।

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि यूपीडा की विभिन्न परियोजनाओं की लेखा बंदी का कार्य टैली के माध्यम से सम्पादित कराया जा रहा है। विगत कई माहों से यह अनुभव किया जा रहा हैं, कि टैली का साफ्टवेयर काफी पुराना एवं बड़ी संस्थाओं के लिये बहुत उपयुक्त न होने के कारण अपेक्षित सूचनायें एवं लेखा की यथार्थ स्थिति तत्काल उपलब्ध नही हो पाती है। साथ ही वर्तमान में विभिन्न करों की देयता एवं उनके नियमों के दृष्टिगत एक निर्धारित अवधि में अपेक्षित कार्यवाही की जानी होती है, अन्यथा की स्थिति में टैक्स संस्थाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के दण्ड आरोपित किये जाते है। टैली में इसे सुगमता से किया जाना सम्भव नही हो पाता हैं, एवं अन्य प्रकार की त्रुटियाँ भी वर्तमान साफ्टवेयर से परिलक्षित हो रही है।

यूपीडा की वृहद्व कार्य प्रणाली के दृष्टिगत बडी संस्थाओं द्वारा प्रयोग की जाने वाली लेखा प्रणाली के सम्बन्ध में ज्ञात हुआ कि यू0पी0 इलेक्ट्रानिक कॉरपोरेशन लि0 द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों की आवश्यकताओं के अनुरूप कम्प्यूटर अप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित कराने का कार्य समयबद्ध एवं संतोषप्रद रूप से कराया जाता रहा है। उल्लेखनीय हैं, कि यू0पी0 इलेक्ट्रानिक कॉरपोरेशन लि0 को शासनादेश संख्या 1518/78–आईटी–2/2002 दिनांक 16.08.2002 द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों की आवश्यकताओं के अनुरूप "टर्न–की" आधार पर कम्प्यूटराइजेशन, एप्लीकेशन साफ्टवेयर विकसित कराने, नेटवर्किंग आदि कार्य हेतु अधिकृत किया गया है।

यूपीडा में वर्तमान में संचालित परियोजना के बहुआगामी कार्यो के दृष्टिगत लेखा सम्बन्धी कार्यो के लिए एक आधुनिक साफ्टवेयर (Financial Management Systems and Human Resource Management Systems) की आवश्यकता है जो विभिन्न परियोजनाओं के आय–व्यय का सम्पूर्ण विवरण एवं आवश्यक विवरण पत्र एवं सूचनाये ससमय उपलब्ध करायें। इस हेतु एक पत्र प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक कॉरपोरेशन लि0 (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) 10 अशोक मार्ग लखनऊ को इस आशय से प्रेषित किया गया कि उक्त साफ्टवेयर के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण देने के साथ–साथ सम्भावित व्यय धनराशि रू0 80.00 लाख का सम्पूर्ण प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाये।

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा यूपीडा में लेखा सम्बन्धी कार्यो के लिये साफ्टवेयर स्थापित किये जाने एवं उसे क्रियाशील किये जाने के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–16:–

पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे पर जानवरों को पकड़ने तथा एक्सप्रेसवे के कैश बैरियर पर हुये नुकसान की रिर्पोटिंग हेतु चयनित एजेंसी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे पर जानवरों को पकड़ने तथा एक्सप्रेसवे के कैश बैरियर पर हुये नुकसान की रिर्पोटिंग हेतु मे0 एन0 हसन कान्ट्रैक्टर को चयनित किया गया है। अनुबन्ध के अनुसार चयनित एजेंसी द्वारा 08 वाहन प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक जानवरों को पकड़ने के लिये लगाये गये है। एजेंसी द्वारा एक्सप्रेसवे पर जानवरों के प्रवेश को रोकना तथा उन्हें पकड़ना सुनिश्चित किया जाता है।

बहुधा अप्रत्याशित कारणों से जानवरों के एक्सप्रेसवे पर आने से दुर्घटनायें भी घटित होती है, जिसके लिये अनुबन्ध के आर्टिकल 6V. में निम्नवत् प्राविधान हैः–

"In case of any accident of vehicle(s) on the Expressway caused due to stray animal(s) , a deduction of 10 % per accident shall be made from the invoice raised by the Agency for the corresponding month, subject to a maximum deduction of 25 % for the said month".

निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त प्राविधान के अनुरूप लेखा प्रकोष्ठ, यूपीडा द्वारा एजेंसी के सर्म्पूण बीजक से प्रति दुर्घटना 10 प्रतिशत की धनराशि की कटौती की जाती है। इस सम्बन्ध में मे0 एन0 हसन कान्ट्रैक्टर द्वारा पत्र दिनांक 27.06.2022 द्वारा अनुरोध किया गया था, कि उनकी फर्म द्वारा प्रस्तुत सर्म्पूण बीजक में से उक्तानुसार दण्ड धनराशि की कटौती करने के बजाय सम्बन्धित पैकेज (जिसमें दुर्घटना घटित हो), के अन्तर्गत पकड़े गये जानवरों की धनराशि में से ही कटौती की जाये।

एजेंसी द्वारा यह भी निवेदन किया गया था कि प्रतिमाह अधिकतम 25 प्रतिशत की कटौती का प्रतिशत घटाकर प्रतिमाह अधिकतम 10 प्रतिशत का प्राविधान किया जाये। उपरोक्त के सम्बन्ध में मे0 एन0 हसन कान्ट्रैक्टर द्वारा निम्नवत अनुरोध किया गया था:–

i. That at present deductions/ penalties are made from the total amount of monthly invoice and not from the particular Expressway Package, where the accident has happened, due to stray animal. The Agency has requested that penalty due to accident caused by stray animal should be imposed at prescribed rate of 10% only from the bill raised for that particular package, instead of penalty from the total invoice for all the packages.

ii. The Agency had also requested that the penalty imposed due accidents on account of stray animals should be charged from the amount of incentives claimed (monthly) for animal catching and not from the amount of monthly lumpsum payment for deployment of vehicles.

iii. The Agency had further requested that the limit of maximum deduction be reduced from 25 % to 10 % for the said month.

निदेशक मण्डल को अग्रेत्तर अवगत कराया गया कि पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे पर जानवरों को पकड़ने तथा एक्सप्रेसवे के क्रैश बैरियर पर हुये नुकसान की रिर्पोटिंग हेतु चयनित एजेंसी के उपरोक्त अनुरोध पर विचार विमर्श हेतु अपर मुख्य कार्यपाल अधिकारी, यूपीडा के अध्यक्षता में दिनांक 04.08.2022 को आहूत बैठक में विस्तृत विचार विमर्शोपरान्त एवं प्राधिकरण की अन्य एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर जानवरों को पकड़ने तथा एक्सप्रेसवे के क्रैश बैरियर पर हुये नुकसान की रिर्पोटिंग हेतु एजेंसी के चयन में हो रही कठनाईयों यथा उक्त कार्य हेतु पर्याप्त निविदायें प्राप्त न होने एवं पर्याप्त इच्छुक एजेंसियों के न उपलब्ध होने के कारण निम्नवत संस्तुति की गयी है, जिस पर मुख्य कार्यपाल अधिकारी, यूपीडा द्वारा सहमति प्रदान की गयी है:–

a. That the penalty be imposed on account of accidents caused due to stray animals on the Expressway with prescribed rate of 10% of the amount of payment due against catching of animals in that particular package (where accident has occurred) and not from the whole amount of invoice. In the event, no monthly amount is claimed for animal catching for that particular package for the month, then in such case, penalty be adjusted at prescribe rate from the bill of other package in which maximum amount of bill raised for catching of animals.

b. While considering the relief as above, the Committee felt that the maximum deduction limit of 25 % for the said month may not be reduced to 10 %, as requested by the Agency.

c. The Committee also decided that in case each vehicle deputed by the agency in various packages does not cover the specified distance per month then, a deduction of an amount equal to cost of Diesel corresponding to the reduced distance covered on the basis of average consumption @ 15 Km per Ltr. of Diesel (the cost of Diesel to be taken at prevailing rate) shall be made.

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा, उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्शोपरान्त सहमत होते हुये पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे पर जानवरों को पकड़ने तथा एक्सप्रेसवे के कैश बैरियर पर हुये नुकसान की रिर्पोटिंग हेतु चयनित एजेंसी मे0 एन0 हसन कान्ट्रैक्टर को उपरोक्त वर्णित शिथिलतायें प्रदान किये जाने तथा उक्त शिथिलताओं को प्राधिकरण की अन्य एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिये इस कार्य हेंतु चयनित/चयन की जाने वाली एजेंसियो को उपलब्ध कराने हेतु हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

एजेण्डा बिन्दु–17:–

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में सूचना।

मुख्य महाप्रबन्धक (बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे) द्वारा निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि परियोजना के सभी 06 पैकेजो में माइलस्टोन–01 की निर्धारित तिथि 22.08.2020 के सापेक्ष सभी पैकेजों द्वारा पूर्व में ही प्राप्त कर लिया गया था और माइलस्टोन–02 प्राप्त करने की निर्धारित तिथि 18.07.2021 के सापेक्ष सभी पैकेजों में पहले ही प्राप्त कर ली गई थी। माइलस्टोन–03 प्राप्त करने की निर्धारित तिथि दिनांक 18.02.2022 थी जिसे पैकेज–IV, V व III ने क्रमशः दिनांक 31.05.2021, 31.07.2021 व 30.11.2021 को तथा पैकेज–I, II व VI ने दिनांक 31.01.2022 को प्राप्त कर लिया था। पैकेज–III व IV का Provisional Completion Certificate दिनांक 01 जुलाई, 2022 व पैकेज–I, II व V का Provisional Completion Certificate दिनांक 26 जुलाई, 2022 को जारी कर दिया गया है। दिनांक 16 जुलाई, 2022 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया गया है। वर्तमान में एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुये संतुष्टि व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–18:–

मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार के द्वारा जनपद जालौन में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के लोकार्पण में हुये समस्त व्यय को एजेन्सी चार्जेज के रूप में प्राप्त उपलब्ध धनराशि से भुगतान किया जाना।

निदेश मण्डल को अवगत कराया गया कि यूपीडा प्राधिकरण के लिये बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवें परियोजना को ई.पी.सी. पद्धति पर विकसित करने के सम्बन्ध में जारी शासनादेश सं0–965/77–3–2018–117 (एम)/2016 दिनांक 06.03.2018 में कुल सिविल लागत (सिविल कार्यो की अनुमानित लागत देय जीएसटी 12 प्रतिशत) धनराशि रू0 9933.86 करोड़ का 3 प्रतिशत एजेंसी चार्जेज अर्थात रू0 298.02 करोड़ के रूप में यूपीडा देय है।

वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22 तथा 2022–23 (माह जुलाई, 2022 तक) शासन से प्राप्त धनराशि में से यूपीडा के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन, कार्यालय संचालन व्ययो आदि हेतु व्यय की जा चुकी धनराशि रू0 44.02 है। जिसका व्यय भार परियोजना के ''एजेन्सी चार्जेज'' मद से वहन किया जाना है, चूंकि यूपीडा को वेतन एवं गैर वेतन व्ययों हेतु अलग से धनराशि आवंटित नहीं है।

अतः परियोजना के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से ही सम्बन्धित स्टाफ का वेतन तथा विविध व्यय भी परियोजना मद से किया जाना है। इस प्रकार उक्त शासनादेश के एजेन्सी चार्जेज के मद में प्राविधानित धनराशि रू0 298.02 करोड़ के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 254.00 करोड़ है।

मा0 प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार के द्वारा जनपद जालौन में दिनांक 16.07.2022 को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह में व्यय का विवरण निम्नवत है:–

क्र0 सं0	विवरण	धनराशि (रू0 करोड़ में)
1.	कार्यक्रम से सम्बन्धित ब्रान्डिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फ्लैक्स बोर्ड, होर्डिंग, न्यूज चैनल का प्रसारण, प्रदर्शनी, बैकड्राप गेट, लाइटिंग कटआउट आदि	7.47
2.	बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह हेतु गणमान्य व्यक्तियों को जनसामान्य/श्रोताओं को समारोह स्थल तक लाने व ले जाने हेतु बसों की व्यवस्था एवं नाश्ता, लंच पैकेट, पेयजल एवं मेडिकल किट की व्यवस्था पर व्यय का भुगतान	7.26
3.	बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह हेतु यातायात व्यवस्था, अस्थायी पुलिस चौकी की व्यवस्था हेतु उपकरणों एवं सामग्रियों पर व्यय का भुगतान (पुलिस अधीक्षक जालौन को भुगतान	.35
4.	बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन समारोह हेतु आगमन पर जनपद जालौन में जर्मन हैंगर, मंच साज सज्जा, स्टेजिंग, टेन्ट एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैरीकेन्डिग एवं कार्यक्रम स्थल में सिविल निर्माण कार्य पर हुए व्यय	26.76
	योग	**41.84**

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवें के उद्घाटन समारोह में कुल व्यय का वहन यूपीडा द्वारा किया जाना है चूंकि उक्त व्यय हेतु अलग से शासन से कोई धनराशि प्राविधानित नहीं है अतः परियोजना के अन्तर्गत ''एजेंसी चार्जेज'' मद में उपलब्ध धनराशि से किया जाना है।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–19:– **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना में चेन्ज ऑफ स्कोप (COS) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में।**

मुख्य महाप्रबन्धक (बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे) द्वारा निदेश मण्डल को अवगत कराया गया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण में जनसामान्य की माँग व स्थल की आवश्यकता के दृष्टिगत निम्नवत् कार्यों के लिए ई0पी0सी0 ठेकेदारों को उनके अनुबन्ध के क्लाज 13 के अन्तर्गत अनुमोदनोपरान्त अथॉरिटी इन्जीनियर द्वारा चेन्ज ऑफ स्कोप (COS) नोटिस निर्गत की गई है–

<table>
<tr><th>क्रम सं0</th><th>पैकेज संख्या</th><th>कार्य का नाम</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>V</td><td>1. In-principle approval for issuance of Negative change of scope notice as per Article 13 of EPC Contract Agreement for difference in length of Additional Chain Link fencing between Contract provision and that proposed by the contractor in Pkg-V of Bundelkhand Expressway.
AE, COS Notice letter no.- ICT:847:APM:5091 dated: 19/08/2022</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>VI</td><td>1. In-principle approval for issuance of change of scope notice as per Article 13 of Contract Agreement on account of change of Rigid Pavement to Flexible Pavement at toll plaza area as per details below:
<table>
<tr><th colspan="2">Chainage</th><th rowspan="2">Side</th><th rowspan="2">Length</th></tr>
<tr><th>From</th><th>To</th></tr>
<tr><td>286+520</td><td>286+545</td><td>LHS</td><td>25 Mtr.</td></tr>
<tr><td>286+610</td><td>286+655</td><td>LHS</td><td>45 Mtr.</td></tr>
<tr><td>286+480</td><td>286+540</td><td>RHS</td><td>60 Mtr.</td></tr>
<tr><td>286+610</td><td>286+680</td><td>RHS</td><td>70 Mtr.</td></tr>
<tr><td colspan="3">Total</td><td>200 Mtrs.</td></tr>
</table>
AE, COS Notice letter no.- ICT:847:APM:5062 dated: 18/08/2022</td></tr>
</table>

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–20:–

यूपीडा में संचालित परियोजनाओं के कार्य हेतु संविदा पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती विषयक।

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा यूपीडा में संचालित परियोजनाओं हेतु समय–समय पर परियोजनाहित में एवं निदेशक मण्डल द्वारा प्रदत अधिकारों का प्रयोग करते हुये प्रशासनिक विभाग (औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन) से संचालित परियोजनाओं हेतु पद सृजन का अनुरोध किया जाता रहा है एवं पद सृजन की प्रत्याशा में परियोजना के संचालन हेतु संविदा पर तैनाती की जाती रही है। वर्तमान में संविदा पर किसी पद को भरे जाने के लिये निदेशक मण्डल द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाता है एवं पद धारक को नियत अवधि एवं नियत वेतन पर अनुबंधित किया जाता है। यह अनुबंध अवधि एवं नियत धनराशि विभागीय हित में समय समय पर बढायी भी जाती है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रशासनिक विभाग (औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन) को संचालित परियोजनाओं हेतु पद सृजन हेतु निम्नलिखित पत्रों द्वारा पूर्व में अनुरोध किया गया है,

1. पत्र संख्या–550 / यूपीडा / 08 / 17 दिनांक 24.09.2009 के द्वारा 80 पद का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया, जिनमें से शासनादेश संख्या–466 / 77–3–9–94 भा / 07 टी0सी0 दिनांक 10.02.2009 द्वारा 31 पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई।
2. यूपीडा के पत्रांकः–1028 / यूपीडा / 874 / 18 / अधि0 दिनांक 10.06. 2018 के द्वारा कुल 192 पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।
3. यूपीडा के पत्रांकः–1525 / यूपीडा / 874 / अधि0 दिनांक 17.06.2019 के द्वारा 74 पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।
4. यूपीडा के पत्रांकः–2197 / यूपीडा / 961 / नियुक्ति / 19 दिनांक 11.07. 2019 के द्वारा 02 पद की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।
5. यूपीडा के पत्रांकः–5387 / यूपीडा / 874 / 18 / अधि0 दिनांक 19.11. 2019 के द्वारा संविदा के 13 पदों एवं आउटसोर्स के 396 पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।
6. यूपीडा के पत्रांकः–4503 / यूपीडा / 874 / 2021 / 18 / अधि0 दिनांक 16.08.2021 के द्वारा 28 पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।
7. यूपीडा के पत्रांकः–4503 / यूपीडा / 874 / 2021 / अधि0 दिनांक 16.08. 2022 के द्वारा 01 पद की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया।

इस प्रकार यूपीडा के ऊपर अंकित पत्रों के द्वारा संविदा के कुल 390 पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है, जिसके सापेक्ष कुल 31 पदों हेतु सहमति का शासनादेश प्राप्त हो चुका है तथा शासनादेश संख्या–76 / 77–3–2021–94 भा / 07 टी सी दिनांक 25.03.2021 के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना हेतु 55 पदों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है। शेष 304 संविदा एवं 396 आउटसोर्स के पदों की स्वीकृति शासन से प्राप्त होना अवशेष है।

वर्तमान में 105 पद कार्य आवश्यकता के आधार पर संविदा पर भरे गये है, जिनके पद सृजन का प्रस्ताव यूपीडा के प्रशासनिक विभाग (औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन) को प्रेषित नहीं किया गया था, किन्तु समय–समय पर पद विशेष का अनुमोदन निदेशक मण्डल से प्राप्त किया जाता रहा है एवं वर्तमान में यूपीडा के पत्रांक संख्या–3925/यूपीडा/874/2022 दिनांक 22 अगस्त, 2022 द्वारा प्रेषित कर दिया गया है।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–21:– **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे पर स्थित टोल/रैम्प प्लाजा पर लगे उपकरणों एवं यूपीडा की अन्य सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु 91 (इक्यानबे) सुरक्षा कर्मियों की स्वीकृति के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार, द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण दिनॉक 16.07.2022 को किये जाने के उपरान्त उक्त एक्सप्रेस–वे पर वाहनों का संचालन सुचारू रूप से प्रारम्भ हो गया है।

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे पर यातायात प्रबन्धन एवं सड़क सुरक्षा को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिए यूपीडा द्वारा एक नोडल अधिकारी, 03 मुख्य सुरक्षा अधिकारी, 06 सुरक्षा अधिकारी, 12 सहायक सुरक्षा अधिकारी, 144 पूर्व सैनिक एवं 44 वाहन चालकों को (संविदा/आउटसोर्स के माध्यम से) नियुक्त करके 15 इनोवा वाहनों के माध्यम से यातायात प्रबन्धन/ सड़क सुरक्षा की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। वर्तमान में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे पर टोल/रैम्प प्लाजा (कुल 13) पर लगे उपकरणों एवं यूपीडा की अन्य सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु 91 (इक्यानबे) स्टैटिक सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है, जिनका प्रयोग आगामी 03 माह अथवा टोल एजेन्सी की सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होने तक किया जाना है।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–22:– **डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना में संविदा पर मुख्य रक्षा सलाहकार के पद को भरे जाने के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि यूपीडा में डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना विगत 04 वर्षो से संचालित है। यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। 05 वर्षो की अवधि में रू0 50,000 करोड़ रूपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 93 आयुध निर्माता फर्मो के साथ अनुबंध सम्पादित किया जा चुका है एवं रू0 11,000 करोड़ का निवेश विगत 03 वर्षो में किया गया है। वर्तमान में डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना में 02 मुख्य महाप्रबन्धक एवं सहयोग हेतु 15 तकनीकी स्टाफ की आवश्यकता है, जिसमें 08 अभियन्ता तैनात किये जा चुके है एवं 07 अभियन्ताओं की तैनाती शेष है। परियोजना को गति प्रदान करने के लिये पूर्व में वरिष्ठ रक्षा सलाहकार के पद पर ले0 जनरल0 श्री जगदीप कुमार शर्मा तैनात थे, किन्तु दिनांक 27.05.2020 से उनके कार्य से हट जाने के कारण यह पद रिक्त है। पद को वर्तमान परियोजना की आवश्यकता के दृष्टिगत पुनः भरे जाने की आवश्यकता है। अतः इस पद का तत्कालिक पदनाम मुख्य रक्षा सलाहकार करते हुये पद पर भारतीय सेना के आर्मी, नेवी एवं एयरफोर्स से सेवा निवृत्त अधिकारी, जो ले0 जनरल, उसके समतुल्य पद अथवा उससे उच्च पद से सेवा निवृत्त हो, हेतु पद को विज्ञापित किया गया है।

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–01

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल कलेक्शन एवं टोल प्लाजा के परिचालन के सम्बन्ध में टोल एजेन्सी मेसर्स सहकार ग्लोबल लि0 द्वारा यूपीडा के साथ निष्पादित अनुबन्ध के अनुपालन के सम्बन्ध में।

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल ने गहन चर्चा के उपरान्त टोल कलेक्शन एजेन्सी के दिनांक 29 जून, 2021 के फोर्स मेजर दावे के सम्बन्ध में निर्णय लिया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा उत्तर प्रदेश पर नेशनल हाईवे पर काम कर रही टोल कलेक्शन एजेन्सियों को जिस अवधि के लिए कोविड–19 की द्वितीय लहर हेतु फोर्स मेजर दावे स्वीकृत किय गये उसी अवधि के लिए यूपीडा उक्त एजेन्सी के साथ निष्पादित कान्ट्रैक्ट अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स सहकार ग्लोबल लि0 के फोर्स मेजर दांवे का चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से परीक्षण करवाकर निस्तारण करें। निदेशक मण्डल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा द्वारा टोल कलेक्शन एजेन्सी के दिनांक 02 मई, 2021 से 07 जून, 2021 तक के दावे के सम्बन्ध में लिए गये निर्णय की पुष्टी की तथा निर्देश दिया कि उक्त अवधि की रिलिफ के उपरान्त कुल शेष धनराशि को कान्ट्रैक्ट अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पैनाल्टी सहित वसूल करें एवं एजेन्सी के साथ 'सैटिलमेंट–कम– क्लोजआउट एग्रीमेंट' अतिशीघ्र निष्पादित करें एवं टोल कलेक्शन एजेन्सी से शेष स्टाम्प ड्यूटी (कान्ट्रैक्ट वेल्यू का 2 प्रतिशत) रू0 16,90,03,800.00 तत्काल उत्तर प्रदेश सरकार की ट्रैजरी में जमा करवाने और 21 अगस्त, 2022 से 15 अगस्त, 2022 तक की बकाया धनराशि वसूलने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा को अधिकृत किया।

अंत में मुख्य कार्यपालक अधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित बोर्ड सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक का समापन किया गया।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 24.08.2022 को सम्पन्न हुई 77वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 24.08.2022 को अनुमोदित किये गये हैं।

(श्रीश चन्द्र वर्मी)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी